दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरुवार 30 दिसंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 93

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पर्यटक स्थलों में बर्फ की सफेद चादर बिछी

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बीच जिले के पर्यटक स्थलों में बर्फकी सफेद चादर बिछ गई है। इसके बीच प्रकृति का आनंद लेने के लिए पर्यटक भी बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों की आवाजाही से स्थानीय व्यापारी भी खुश हो गए हैं। जिले के ऊखीमठ ब्लॉक में दुगलविट्टा चोपता, सारी, देवरियाताल, कार्तिक स्वामी समेत कई स्थलों पर अच्छी बर्फ गिरी है। यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। बुधवार को मौसम साफ होने के कारण चोपता क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। यहां पर्यटकों की आवाजाही से स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। पर्यटक कारोबारियों का कहना है कि बर्फबारी से पर्यटक इन क्षेत्रों में आने लगे हैं जिससे लोगों को लाभ हो रहा है।

### मणिपुर के इंफाल में हुआ बम विस्फोट

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के तेलीपटी इलाके में बुधवार तड़के शक्तिशाली आईईडी विस्फोट हुआ। पुलिस ने बताया कि विस्फोट मे किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। विस्फोट आज तड़के करीब तीन बजे एक गोदाम के समीप हुआ। विस्फोट से गोदाम का गेट क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रैक्टर-बाइक में हुई जोरदार टक्कर , बाइक सवार तीनों साथियों की मौत

**सीतापुर (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिलें में कोहरे की वजह से बड़ा हादसा हो गया। यहां तीन जिगरी दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के वक्त तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार थे। कोहरे की वजह से बाइक सड़क पर जा रही ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जाकर टकरा गई। जिससे तीनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार मुकेश 22 पुत्र राम टहल निवासी अकबरपुर थाना लहरपुर के साथ महफूज 20 पुत्र यासीन बाइक पर सवार होकर बिसवां अपने गांव के ही निवासी दोस्त मुन्ना 22 पुत्र लल्लू को लेने के लिए आए थे। मोहित लखनऊ में मजदूरी करता है। मोहित बीती मंगलवार रात करीब एक बजे वापस आकर घर पहुंचने के लिए वहां कोई साधन न होने की बात कहकर उसे किसी तरह घर पहुंचाने की बात अपने साथियों से कही। उसको अपने साथ लेकर तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहे थे। उक्त बाइक थाना मानपुर इलाके के जमालपुर के पास पहुंची थी कि आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जाकर टकरा गई। हादसे में मुकेश और मोहित को एंबुलेंस से बिसवां सीएचसीण् में भर्ती करवाया गया। जहां दोनों की मौत हो गई। वहीं महफूज को गंभीर हालत में सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर महफूज ने भी दम तोड़ दिया। तीनों दोस्तों की दर्दनाक मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल बिसवां सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# भारत में ओमिक्रॉन के मामले 750 के पार, 21 राज्यों में फैला नया वैरिएंट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब इस नए वायरस के कुल मामले 750 के पार हो गए हैं। हालांकि इसकी रिकवरी राहत देने वाली है। देश में बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अब तक टीके की 143.15 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कुल 77,002 एक्टिव केस हैं। सक्रिय मामले कुल मामलों के एक प्रतिशत से भी कम हैं। मार्च 2020 के बाद यह सबसे कम है।

रिकवरी दर 98प्रतिशत से अधिक

भारत में रिकवरी रेट 98.4 प्रतिशत के करीब है। यह मार्च 2020 के बाद सबसे अधिक है। पिछले 24 घंटों में 7,347 मरीजों ने इस महामारी को मात दे दी है। देश में अब तक कुल 3,42,51,292 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

कोरोना के नए मामलों की बात करें तो पिछले 24 घंटों में 9,195 नए केस सामने आए हैं। वहीं, पिछले 86 दिनों में दैनिक सकारात्मकता दर 2 प्रतिशत से कम हैं। पिछले 45 दिनों के लिए सासाहिक सकारात्मकता दर एक त्न से कम है। आपको बता दें कि अब तक 67.52 करोड़ सैंपल की जांच की जा चुकी है।

**दिल्ली में तेजी से फैल रहा है ओमिक्रॉन-** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक ओमिक्रॉन के 781 मामले सामने आ चुके हैं। इसके साथ ही 241 मरीज स्वस्थ भी हो चुके हैं। आपको बता दें कि दिल्ली में सबसे अधिक रफ्तार से कोरोना का नया वैरिएंट फैल रहा है। अब तक 238 मामले सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 167 और गुजरात में 73 केस सामने आए हैं।

**ओमिक्रॉन संकट के बीच पीएम मोदी का यूएई दौरा हुआ स्थगित-** दुनियाभर में ओमिक्रॉन का संकट गहराता जा रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत की यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। बता दें कि यह दौरा 6 जनवरी को था।

साउथ ब्लॉक के सूत्रों के मुताबिक ओमिक्रॉन मामलों की बढ़ती संख्या के कारण इस यात्रा को पुनर्निर्धारित करना होगा और संभवतः फरवरी में आयोजित किया जा सकता है। कोरोनवायरस का ओमिक्रॉन वेरिएंट दुनियाभर में फैला है और यह खतरनाक वेरिएंट संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अमेरिका में, ओमिक्रॉन अब डेल्टा की जगह लेने वाला प्रमुख वायरस है। यूके में, ओमिक्रॉन के तेजी से प्रसार के कारण कोविड -19 मामले प्रतिदिन रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। वहीं अबू धाबी की इमरजेंसी, क्राइसिस एंड डिजास्टर कमेटी के अनुसार, टीका लगाए गए व्यक्तियों को अपने मोबाइल-फोन स्वास्थ्य ऐप पर हरे रंग की स्थिति की आवश्यकता होगी, जबकि जिन लोगों को टीका नहीं लगाया गया है, उन्हें 30 दिसंबर से अमीरात में प्रवेश करने के लिए एक निगेटिव पीसीआर परीक्षण की आवश्यकता होगी।

## उत्तरपश्चिम भारत के कई हिस्सों में भीषण बारिश : आईएमडी ने दी चेतावनी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बुधवार यानी आज से उत्तरपश्चिम भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तरी राजस्थान में 1 और 2 जनवरी को शीतलहर चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रवात के रूप में उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर मंडरा रहा है। वहीं, दक्षिणपश्चिमी राजस्थान और उसके आसपास के इलाके में भी एक चक्रवाती परिसंचरण दिख रहा है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मध्य भागों पर भी एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक, उपरोक्त स्थिति के प्रभाव की वजह से मंगलवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश और बर्फबारी देखने को मिली। वहीं, बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

नेशनल वेदर फोरकास्टिंग सेंटर के सीनियर साइंटिस्ट आरके जेनामणि ने बताया, दिल्ली में अब बारिश की संभावना नहीं है। अब न्यूनतम तापमान गिरना शुरू होगा और 31 दिसंबर-1 जनवरी को ठंड बढ़ने का अनुमान है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली में 5 से 6 जनवरी के बीच बारिश हो सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में हल्की बूंदाबांदी हुई जबकि उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से तेज बारिश देखने को मिली। फिलहाल उत्तरपश्चिमी, मध्य, पूर्व, उत्तरपूर्व और उत्तर भारत के हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बना हुआ है।

## बॉलीवुड में हुआकोरोना ब्लास्ट

**मुंबई (आरएनएस)** । कपूर खानदान में कोरोना का बम फूटा है। बोनी कपूर के बेटे और एक्टर अर्जुन कपूर, अंशुला कपूर और अनिल कपूर की बेटी रिया और दामाद करण बुलानी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। सभी होम क्वारंटीन हैं। अर्जुन को साल भर में दूसरी बार कोरोना हुआ है। हाल ही में अर्जुन को मलाइका के साथ करिश्मा कपूर के क्रिसमस पार्टी में देखा गया था। अर्जुन ने अपने संपर्क में आए लोगों से टेस्ट कराने की अपील की है।ऐसे में मलाइका अरोड़ा का भी कोरोना टेस्ट होगा। इससे पहले मलाइका के बाद ही अर्जुन कोविड पॉजिटिव हुए थे। आपको बता दें, प्रोड्यूसर बोनी कपूर भी अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने कोरोना टेस्ट करवाया और हालांकि उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जान्हवी और खुशी कपूर का भी कोरोना टेस्ट किया जाएगा।जब करीना कपूर और अमृता के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर आई थी, तब रिया कपूर ने भी अपना टेस्ट कराया था हालांकि तब उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई। हाल ही में ये सभी करिश्मा कपूर की क्रिसमस पार्टी में शामिल हुए थे। करीना तो ठीक होने के एक दिन बाद ही अपने बच्चों के साथ क्रिसमस पार्टी करती दिखाई दी थीं जिसके बाद यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया था।बीते रोज रणवीर शौरी ने अपने 10 साल के बेटे हारुन के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर दी थी। रणवीर शौरी ने लिखा था- मैं और मेरा बेटा हारून हॉलिडे मनाने गोवा गए थे। वहां से लौटते समय मुंबई की फ्लाइट लेने से पहले हमारा आरटी पीसीआर हुआ, जिसमें हारुन कोरोना पॉजिटिव मिला। हम दोनों में कोई लक्षण नहीं हैं।

## दिल्ली में डॉक्टरों की हड़ताल रहेगी जारी, सामने रखी अपनी मांगें



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में डॉक्टर्स नीट पीजी 2021 की काउंसलिंग कराने की मांग पर प्रदर्शन कर रहें हैं। दिल्ली में डॉक्टरों ने भी इस मसले पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और यह प्रदर्शन अभी जारी रहेगा। फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) की ओर से साफ कर दिया गया है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वह अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

दरअसल पुलिस द्वारा की गई तथाकथित बदसलूकी के बाद डॉक्टर अपनी नीट पीजी काउंसिलिंग की मांग के अलावा अन्य दो मांगों पर अड़ गए। उनकी मांगे हैं कि पहला दिल्ली पुलिस अपने अभद्र व्यवहार और गलत कार्रवाई के लिए माफी मांगे। वहीं डॉक्टरों के खिलाफ दर्ज सारे केस वापस ले।

इसी बीच दिल्ली एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन बुधवार को हड़ताल खत्म करने की बात कही है। नीट काउंसलिंग में हो रही देरी को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रदर्शन ने सोमवार को उस वक्त तूल पकड़ लिया जब दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कई लोग घायल हुए। मामला ज्यादा तूल पकड़ा तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की।

हालांकि बैठक के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कुछ रेजिडेंट डॉक्टरों से मुलाकात कर पुलिस की अभद्रता के लिए खेद जताया था, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार इतना काफी नहीं है।

फोर्डा अध्यक्ष डॉ मनीष ने बयान जारी कर कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दोपहर में फोर्डा के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक बुलाई गई, जिसमें सभी संबंधित बिंदुओं को सामने रखा गया। साथ ही, रेजिडेंट डॉक्टरों का शांतिपूर्ण विरोध करने पर दिल्ली पुलिस द्वारा हुई हिंसा पर कोई माफी नहीं मांगी गई है।

## इत्र कारोबारी मामला : डीजीजीआई ने 177 करोड़ की नकदी को माना टर्नओवर

### » कर विशेषज्ञ बोले,अफसरों ने केस को किया कमजोर

**कानपुर (आरएनएस)।** इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी स्थित आवास से मिले 177.45 करोड़ रुपये की नकदी को डीजीजीआई (महानिदेशालय जीएसटी इंटेलीजेंस) अहमदाबाद ने टर्नओवर की रकम माना है। डीजीजीआई की ओर से कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों से इसकी पुष्टि हुई है। कर विशेषज्ञों का कहना है कि जानबूझकर या अनजाने में अफसरों ने केस को कमजोर कर दिया है। ऐसे में पीयूष सिर्फ पेनाल्टी की रकम अदा कर जमानत हासिल कर सकता है। इससे आयकर विभाग भी काली कमाई मामले में कार्रवाई नहीं कर पाएगा। 22 दिसंबर को डीजीजीआई अहमदाबाद की टीम ने शिखर पान मसाला,ट्रांसपोर्टर प्रवीण जैन और फिर इत्र कारोबारी पीयूष जैन के ठिकानों पर छापा मारा था।

इसके पीछे तर्क यह दिया गया कि शिखर पान मसाला के मालिक ने इत्र कारोबारी की कंपनी से बिना बिल के बड़े पैमाने पर कंपाउंड खरीदा था। गुजरात में पकड़े गए चार ट्रकों से इसकी पुष्टि हुई। इसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पीयूष को पहले हिरासत में लिया गया और शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान दौरान पीयूष ने बताया था कि जो नकदी उसके आनंदपुरी स्थित आवास से मिली है,वह पिछले चार-पांच साल में कंपाउंड कारोबार से कमाई गई है। उसने यह भी स्वीकार किया कि 177 करोड़ की नकदी पर कर नहीं अदा किया। अफसरों ने उसके बयान को आधार बनाकर कर चोरी का केस बनाकर कोर्ट में पेश कर दिया। इसमें 31.50 करोड़ टैक्स चोरी की बात कही गई। टैक्स पेनाल्टी और ब्याज मिलाकर यह रकम 52 करोड़ रुपये बैठती है।

**आयकर विभाग की कार्रवाई होती तो सौ करोड़ की अदायगी करनी पड़ती** - कर विशेषज्ञों का कहना है कि 177 करोड़ कैश बरामदगी मामले में डीजीजीआई को केस न बनाकर आयकर को कार्रवाई करने और सीज करने के लिए बुलाना चाहिए था। इससे यह काली कमाई का मामला बनता और पूरी रकम पर टैक्स,पेनाल्टी और ब्याज लगता,जो सौ करोड़ से ज्यादा का होता। डीजीजीआई की चूक ने केस को बहुत कमजोर कर दिया है। डीजीजीआई ने पीयूष का ट्रांजिट रिमांड भी नहीं मांगा। ऐसे में पीयूष आसानी से बाहर आ सकता है। वहीं इस मामले में शिखर पान मसाला पर केवल 3.09 करोड़ की कर चोरी का ही मामला बनाया गया है। इसकी देनदारी स्वीकार करके भुगतान भी कर दिया गया है।

**एक बड़ी पान मसाला कंपनी को करता था कंपाउंड की सप्लाई** – सूत्रों का दावा है कि पीयूष जैन एक बड़ी पान मसाला कंपनी को कंपाउंड की सप्लाई करता था। इसका कंपाउंड उपयोग में लाने के बाद कंपनी का कारोबार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। इस बीच,पान मसाला कंपनी के मालिक से मनमाने रेट वसूलने लगा। इसके बाद दोनों के बीच डील हुई। इसमें पीयूष ने पान मसाला में उपयोग में लाए जाने वाले कंपाउंड का फार्मूला सौ करोड़ रुपये लेकर बेचा। संभावना है कि 177 करोड़ की नकदी उसी रकम का बड़ा हिस्सा हो।

## सिक्किम में बनी पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर सड़क, गवर्नर ने किया उद्घाटन

**गंगटोक (आरएनएस)।** सिक्किम में सोमगो लेक और नाथूला बॉर्डर को राजधानी गंगटोक से जोड़ने वाली सड़क का नाम पीएम नरेंद्र मोदी पर रखा गया है। इस नई बनी सड़क का गवर्नर गंगा प्रसाद ने आधिकारिक उद्घाटन किया है। नाथूला बॉर्डर को गंगटोक से जोड़ने वाले पुराने रूट का नाम देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम पर है। अधिकारियों ने कहा कि करीब 19.51 किलोमीटर लंबा रोड एक साल से यात्रियों के लिए चालू है, लेकिन अब गवर्नर की ओर से इसका ऑफिशियली उद्घाटन होने वाला है। सिक्किम के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डीबी चौहान ने सड़क के उद्घाटन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्घाटन की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, माननीय राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी के साथ नरेंद्र मोदी मार्ग के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित रहा। इस सड़क का उद्घाटन कयोंगासला ग्राम पंचायत में किया गया है। चांगू लेक को जोड़ने वाले इस नए वैकल्पिक मार्ग का नाम पीएम नरेंद्र मोदी पर रखा गया है। 20 दिसंबर को इस नए मार्ग का नाम पीएम नरेंद्र मोदी पर रखे जाने का प्रस्ताव ग्राम सभा में रखा गया था। इसे सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया। इस सड़क का निर्माण सीमा सड़क संगठन यानी बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की ओर से किया गया है।

## रक्षा मंत्रालय ने 351 रक्षा उपकरणों के आयात पर लगाया प्रतिबंध

### » रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता के लिए उठाए जा रहे हैं अहम कदम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण की ओर एक और कदम बढ़ाया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को 351 उप-प्रणालियों और घटकों के आयात पर पाबंदी लगा दी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने 351 साजो-सामानों एक नई सूची की घोषणा की जिन्हें अगले साल दिसंबर से शुरू होने वाली समय सीमा के तहत आयात करने की अनुमति नहीं होगी। बीते 16 महीनों में मंत्रालय की ओर से जारी की गई यह तीसरी सूची है। देश को सैन्य उपकरणों के निर्माण का केंद्र बनाने के मकसद से यह फैसला लिया गया है। रिपोर्ट में कहा है कि मंत्रालय ने 2,500 वस्तुओं की एक सूची भी जारी की है जिनका उत्पादन देश में ही किया जा रहा है। इनके बारे में कहा गया है कि साजो-सामान पहले ही स्वदेशी हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात पर निर्भरता को कम करने के प्रयासों के तहत रक्षा मंत्रालय लगातार ऐसे कदम उठा रहा है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अगले तीन वर्षों में 351 आयातित वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जाएगा। इन प्रतिबंधित उपककरणों की नई सूची की अधिसूचना सोमवार को जारी की गई। मंत्रालय ने कहा कि सूची में उल्लिखित वस्तुओं की खरीद भारतीय उद्योगों से संकेतित समयसीमा के अनुसार ही की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, 172 साजो-सामान के पहले सेट के आयात पर प्रतिबंध अगले साल दिसंबर तक लागू हो जाएगा जबकि 89 घटकों के दूसरे बैच के आयात पर बैन दिसंबर 2023 तक लागू होंगे। यही नहीं 90 वस्तुओं के एक और सेट के आयात पर प्रतिबंध दिसंबर 2024 तक लागू होंगे।

रक्षा मंत्रालय की ओर से आयात पर बैन वाले साजो-सामानों में लेजर चेतावनी सेंसर, हाई प्रेशर चेक वाल्व, हाई प्रेशर ग्लोब वाल्व, घुसपैठ का पता लगाने की प्रणाली, विभिन्न प्रकार के केबल, साकेट और आसलेटर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की थी कि भारत 2024 तक 101 हथियारों और सैन्य प्लेटफार्मों जैसे परिवहन विमान, हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर, पारंपरिक पनडुब्बी, क्रूज मिसाइल और सोनार सिस्टम के आयात को पूरी तरह रोक देगा।

## एक जनवरी को पीएम मोदी जारी करेंगे पीएम-किसान की 10वीं किस्त



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल के पहले दिन एक जनवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ की 10वीं किस्त जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री एक जनवरी को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 10वीं किस्त जारी करेंगे और साथ ही करीब 351 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए 14 करोड़ रुपये से अधिक का 'इक्विटी ग्रांट' भी जारी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे। पीएम-किसान योजना के तहत प्रति वर्ष 6,000 रुपये की राशि को 2000 रुपये की तीन मासिक किस्तों में प्रत्येक चौथे माह किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित किया जाता है। मोदी ने इस योजना की औपचारिक रूप से शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक समारोह में की थी। इस योजना की शुरुआत देश भर के सभी खेतीहर किसानों के परिवारों को आय सहायता प्रदान करके किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि उनकी कृषि और संबद्ध गतिविधियों के साथ-साथ घरेलू व्यय की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। पीएमओ ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों के खातों में 1.6 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

पीएमओ ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री करीब 351 किसान उत्पादक संगठनों के लिए 14 करोड़ रुपये से अधिक का ''इक्विटी ग्रांट'' भी जारी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि इससे 1.24 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान उत्पादक संगठनों से संवाद करेंगे और फिर वह उन्हें संबोधित भी करेंगे।